## खबर संक्षेप

### चाकू चमकाते युवक धराया

**शहडोल।** ब्यौहारी थाना क्षेत्रांतर्गत 22 दिसम्बर को मुखबिर सूचना मिली कि ग्राम सनौसी में एक व्यक्ति लोहे का चाकू दिखाकर आमजन को डरा धमका रहा है। सूचना पर ब्यौहारी पुलिस द्वारा उक्त स्थान में दबिश देकर आरोपी संजय साहू पिता रंगलाल साहू निवासी पोड़ी सीधी को पकड़कर तलाशी ली गई। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अद्द लोहे का चाकू मिला। जिसे जप्त कर उक्त आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक इन्द्रलाल पुरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### देशी शराब जप्त

**शहडोल।** बुढ़ार थाना क्षेत्रांतर्गत 22 दिसम्बर को अवैध शराब बिक्री करने कि मुखबिर सूचना पर पुलिस ने बुढ़ार में दबिश देकर आरोपी प्रेमलाल ढीमर पिता सुन्दर लाल ढीमर उम्र 35 साल निवासी बिरौडी के कब्जे से 25 पाव अंग्रेजी शराब कीमत 2,500 रूपये की मौके पर जप्त की गई। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। उक्त कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक नवीन सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### 76 वाहन चालकों पर हुई कार्यवाही

**शहडोल।** जिला पुलिस द्वारा 22 दिसम्बर को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 76 चालानों में 28,900 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया, कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

### खुला नाला बना राहगीरों के लिए समस्या का कारण



**ब्योहारी।** राष्ट्रीय राजमार्ग रीवा रोड चुगींनाका स्थित पपौंध तिराहा पर सडक़ के अगल बगल बहुत बड़े नाला खुलें हैं, जिसके कारण कभी भी गम्भीर घटना घटित हो सकती हैं। इस तरह से कई नगरपालिका के क्षेत्र में कई जगह नाला खुलें देखे जा सकते हैं। पपौंध तिराहा के पास बरौधा क्षेत्र से आने-जाने वाले सभी वाहन का वहीं से निकलना होता है, जबकि उक्त रास्ता अस्पताल की ओर जाता है, जनपद पंचायत क्षेत्र में दर्जनो ग्राम पंचायत के लगभग और 100 से अधिक गाँव के नागरिकों का आना-जाना इसी रास्ते से रहता है, बाईक सावर क्रासिंग के चक्कर में सड़क किनारे बने नाले गिर सकते है या बड़े वाहन से बाईक सावर टक्कर खाकर खुले नाला समा सकते हैं। जिसके चलते गम्भीर घटना घटित हो सकती है। नाले के अगल-बगल बड़े वाहन खड़े करके अतिक्रमण कर सड़क पर जाम ही लगा देते हैं। अगर देंखा जाए पिछले सप्ताह दुपहिया वाहन चालक की हाईवा के नीचे आ जाने के कारण मौत हो गई थी, फिर भी अधिकारी व प्रशासन के नींद नहीं खुली। खुले हुए नाला को देख कर लगता हैं कि नपा प्रशासन को किसी बड़ी अप्रिय घटना इंतजार है।

### ''भारत पर्व'' आयोजन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त


**कटनी।** आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस की संध्या पर जिला मुख्यालय में लोकतंत्र का लोक उत्सव ''भारत पर्व'' का आयोजन किया जायेगा। कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिला मुख्यालय स्तर पर 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व के सफल आयोजन की संपूर्ण व्यवस्थाओं हेतु विनोद कुमार शुक्ल, आयुक्त, नगर पालिक निगम कटनी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाकर शासन निर्देशानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया है।

# वनपरिक्षेत्र कार्यालय नौरोजाबाद के चार्ज हस्तांतरण में फंसा पेंच

**नौरोजाबाद। नौरोजाबाद वनपरिक्षेत्र कार्यालय में इन दिनों अजीबोगरीब स्थित है। दरअसल नौरोजाबाद वन परिक्षेत्र में पदस्थ वन परिक्षेत्र अधिकारी पीयूष त्रिपाठी को सीसीएफ वृत शहडोल ने अनूपपुर जिले के राजेन्द्रग्राम में पदस्थिति अवधि के दौरान वनों में कूप की गलत मार्किंग व अनियमितताओं के कारण वनों की कटाई में हुई परेशानी के बाद जांच में गलत पाए जाने पर रेंजर को निलंबित कर शहडोल कार्यालय में अटैच किया गया था।**




सीसीएफ शहडोल के द्वारा 20 नवंबर को निलंबन आदेश जारी करने के बाद 20 नवंबर को ही डीएफओ उमरिया द्वारा नौरोजाबाद वन परिक्षेत्र अधिकारी के रूप में पदस्थ वन क्षेत्रपाल पीयूष त्रिपाठी की जगह उप वनमंडल कार्यालय उमरिया में पदस्थ उप वनक्षेत्रपाल हरीश तिवारी को पीयूष त्रिपाठी से संपर्क कर वन परीक्षित नौरोजाबाद का समस्त प्रभार प्राप्त कर शासकीय कार्य संपादित करने और प्रभार सूची सहित कार्यालय को अवगत कराने की निर्देश उप वनक्षेत्रपाल हरीश तिवारी को दिए थे। लेकिन पूरे एक माह बीत जाने के बाद भी फूल चार्ज निलंबित अधिकारी के द्वारा डीएफओ द्वारा पदस्थ अधिकारी को नही दिए गए है। साथ ही चार्ज न मिलने के कारण उप वनक्षेत्रपाल हरीश तिवारी चार्ज 'एज्यूम कर कर विभागीय काम कर रहे है। इस मामले में डीएफओ उमरिया मोहित सूद का कहना है कि जब बहुत ज्यादा जरूरी हो या कोई आपातकाल की स्थिति हो तो चार्ज 'एज्यूम किया



आदेश द्वारा मुख्य वन संरक्षक वन वृत्त शहडोल (म.प्र.)

PHONE-245361 FAX-240189 E_MAIL- ccf.sdl@mp.gov.in

:: आदेश ::

शहडोल, दिनांक 20.11.2023

क्रमांक/391 / श्री पियूष त्रिपाठी, वनक्षेत्रपाल तत्कालीन वन परिक्षेत्राधिकारी राजेन्द्रग्राम को वन परिक्षेत्र राजेन्द्रग्राम में पदस्थिति अवधि के दौरान वनमंडलाधिकारी अनूपपुर के पत्र क्रमांक/राजस्व/2023/1782 दिनांक 10.11.2023 से प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार पदस्थिति अवधि में कार्य आयोजना का विचलन कर वर्ष 2022-23 में एस.सी.आई. VI कक्ष क्रमांक आर.एफ. 158 रकबा 84.67 है. कूप का सीमांकन एवं मार्किंग कार्य नहीं कराने एवं एस.सी. आई. बेंदी कूप न. VII में 37.000 है. गलत कूप सीमांकन एवं मार्किंग कराये जाने पर म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) में निहित प्रावधान के अंतर्गत श्री पियूष त्रिपाठी, वनक्षेत्रपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय वनमंडल दक्षिण शहडोल रहेगा। निलंबन अवधि में इन्हे नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

(एल.एल. उइके)
मुख्य वन संरक्षक
वन वृत्त शहडोल (म०प्र०)

पृ.क्रमांक/स्था./वि.जॉ./2023/ 5717 शहडोल, दिनांक : 20/11/2023

प्रतिलिपि-

1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशासन-1) म.प्र. भोपाल को सूचनार्थ सम्प्रेषित।

जाता है,फूल चार्ज के मामले में डीएफओ उमरिया का कहना है कि जब कोई शासकीय सेवक सस्पेंड हो जाता है तो वह कार्य का संपादन नहीं कर सकता है,क्योंकि प्रभार लेने के लिए चार्ज सूची बनाई जानी होती है,इसलिए समय की बचत के लिए यह अच्छा होता है कि चार्ज 'एज्यूम कर लिया जाए। हरीश तिवारी के द्वारा ऐसा ही कुछ किया गया है। वही इस मामले में हरीश तिवारी का कहना है कि निलंबित होने के बाद लगातार पीयूष त्रिपाठी के द्वारा चार्ज देने में टालमटोल किया जाता रहा है इसलिए फुल चार्ज नही मिल पाया है। वही इस मामले में जब नौरोजाबाद वनपरिक्षेत्र अधिकारी से निलंबित हुए वर्तमान में शहडोल में उड़नदस्ते में पदस्थ पीयूष त्रिपाठी का कहना है कि यह एक स्वाभाविक प्रक्रिया है मैंने जानबूझकर कोई प्रॉब्लम क्रिएट नहीं की है। लेकिन जब उसने पूछा गया कि एक माह होने को है अभी तक चार्ज क्यों नही दिया गया तो उनका कहना है कि हरीश तिवारी का कहना है कि आपके द्वारा टालमटोल की जा रही है तो उन्होंने दलील दी कि ऐसा कुछ भी नही है डीएफओ साहब जब चाहे ले लें। जानकारी यह भी निकाल कर सामने आ रही है की नौरोजाबाद से निलंबित अधिकारी के द्वारा अभी तक 2 से 3 कर्मचारियों को अपने निजी काम में लगा कर रखा गया है और शहदोल में पदस्थापना के बाद भी नौरोजाबाद का मोह नही छूट रहा है। हालांकि एक माह बाद भी वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश पर फुल चार्ज न देना और सीसीएफ शहदोल द्वारा पदस्थ किए गए अधिकारी के द्वारा आरोप लगाना कई तरह के सवाल खड़े करता है। मामले में असल सच्चाई क्या है यह तो वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा मामले को संज्ञान में लेने के बाद ही पता चल पाएगा।

# बलात्कारी को आजीवन कारावास

**शहडोल।** द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश संदीप कुमार सोनी (विशेष न्यायालय पॉक्सो अधिनियम) के द्वारा 22 दिसम्बर को शासन विरूद्ध पुरूषोत्तम सिंह उर्फ गुड्डा वगैरह में आरोपी पुरूषोत्तम सिंह उर्फ गुड्डा उम्र 21 वर्ष पिता मान सिंह एवं आरोपी पुष्पेन्द्र सिंह उर्फ छोटू उम्र 22 वर्ष दोनों निवासी ग्राम कोइलहा, थाना खैरहा को धारा 363/34 भादवि में 7 वर्ष का कठोर कारावास, धारा 366/34 में 10 वर्ष का कठोर कारावास, पॉक्सो एक्ट की धारा 5/6 में शेष प्राकृतिक जीवन तक के कारावास के दंड से एवं 1-1 हजार रूपये के अर्थदंड से द?डित किया गया शासन की ओर से प्रकरण में श्रीमती सुषमा सिंह ठाकुर सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा पैरवी की गई । मुकेश कुमार रौतेल एडीपीओ के द्वारा भी प्रकरण में सहयोग किया गया।

### यह है मामला

संभागीय जनसंपर्क अधिकारी अभियोजननवीन कुमार वर्मा द्वारा जानकारी दी गई कि पीड़िता अपने पिता के साथ 11 जनवरी को महिला थाने में रिपोर्ट लिखाई कि वह बुढ़ार में ईंटा-गारा में काम करती है रोज की तरह एक हफ्ता पूर्व बृहस्पतिवार को ईटा-गारा में काम करने सहेली के साथ छोटू सिंह की मैजिक वाहन से गयी थी करीब शाम 05:30 बजे वापस गांव जाने के लिये हरदी चौरहे से छोटू सिंह की मैजिक वाहन में अपनी सहेली के साथ बैठी थी और छोटू मैजिक चला रहा था। उसकी सहेली आगे की सीट में बैठी थी। आधे रास्ते गांव का गुड्डा उर्फ पुरूषोत्तम मैजिक रूकवाया और उसके सीट में ही बैठ गया और उसके घर के पास गाड़ी पहुंची तो छोटू उसकी सहेली को उतार दिया तथा गुड्डा उसका बाया हाथ पकड़ कर उसका मुंह दबा दिया था और छोटू से बोला कि जंगल तरफ गाड़ी ले चल तब छोटू मैजिक को जंगल तरफ ले जाकर मुझे छोड़ दिया वहां आरोपी पुरूषोत्तम सिंह ने मेरे साथ गलत काम किया रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष 06 मार्च को प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा अभियोजन द्वारा प्रस्तुत किए गए सशक्त तर्कों से सहमत आरोपीगणों को उपरोक्तानुसार दण्ड से दंडित किया गया।

# पिकअप व ट्रेक्टर ट्राली से 200 बोरी धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

ढीमरखेडा के झिन्ना पिपरिया के उपार्जन केन्द्र और उमरियापान से एक ही पंजीयन में दोबारा धान बेचने खरीदी केन्द्र पहुंचने और बिना नंबर की ट्रेक्टर ट्राली से धान परिवहन करते हुए करीब दो सौ बोरी धान और पिकअप वाहन और ट्रेक्टर ट्राली जब्त कर उमरियापान थाने की सुपुर्दगी में सौंप दिया गया। एसडीएम ढीमरखेडा विंकी सिंहमारे उइके ने बताया कि झिन्ना पिपरिया उपार्जन समिति कि ओर ले जाते हुए पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 19 जी ए 1325 में परिवहन कि जा रही एक सौ पच्चीस बोरी धान तहसीलदार अजय मिश्रा और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी बृजेश जाटव की टीम ने जब्त कर



वाहन पुलिस थाना में खडा करा दिया है। इसी प्रकार नायब तहसीलदार आशीष चतुर्वेदी ने ग्राम उमरियापान में ट्रेक्टर चालक अजय गोटिया द्वारा बिना नंबर कि ट्राली में करीब 75 बोरी धान पकड़ी गई। जांच स्थल में पंजीयन दस्तावेज नहीं प्रस्तुत कर पाने के कारण ट्रेक्टर ट्राली सहित धान जब्त कि गई।

# राजकीय सम्मान के साथ हुआ डॉग बैली का अंतिम संस्कार

**उमरिया।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की एसडीओ रैंक की फीमेल डॉग बैली की मौत हो गई। बैली का राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार किया। डॉग बैली का जन्म मार्च 2017 में हुआ। डॉग बैली बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में रहकर लगातार अपराधों मे रोकथाम और अपराधियों को पकड़वाने में मदद कर रही थी। डॉग बैली का प्रशिक्षण राष्ट्रीय श्वान प्रशिक्षण केन्द्र टेकनपुर, ग्वालियर में हुआ था। डॉग बैली की उम्र 6 वर्ष थी। बैली ने बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 86 वन्य प्राणियों के अपराधों को पकड़वाने के साथ 101 अपराधियों को गिरफ्तार करवाया। बैली रुटीन



ड्यूटी में लगी हुई थी। बीस दिसंबर को अचानक गिर जाने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। 21 दिसंबर को राजकीय सम्मान से डॉग बैली का अंतिम संस्कार किया गया। प्रभारी रंजन सिंह परिहार ने बताया कि इलाज के दौरान बैली की मौत हो गई। बैली रुटीन ड्यूटी में लगी हुई थी।

# संयुक्त श्रमजीवी पत्रकार महासंघ की बैठक का हुआ आयोजन

### अधिकारों की एकजुटता के साथ करेंगे सुविधाओं की मांग

**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय में प्रदेश के सशक्त पत्रकार संगठन श्रमजीवी पत्रकार महासंघ की बैठक शनिवार को होटल ओशिश के हॉल में संपन्न हुई। जिसमें संभाग भर के अलग-अलग इलाकों से भारी संख्या में पत्रकार पहुंचे। बैठक में प्रमुख रुप से प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अजय तिवारी व प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेन्द्र निगम सहित तमाम संभागीय, जिला व ब्लाक पदाधिकारियों सहित सदस्य व संरक्षक सदस्य मौजूद रहे। सर्वप्रथम मां सरस्वती को याद करते हुए पत्रकार साथियों नें प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अजय तिवारी व उपाध्यक्ष धीरेन्द्र निगम का शाल-श्रीफल के साथ स्वागत किया। इसके उपरांत संरक्षक सदस्य वरिष्ठ पत्रकार शंकरलाल शर्मा, लवकुश तिवारी, दिनेश पयासी, प्रवीण पाठक, कैलाश लालवानी का भी स्वागत किया गया।

इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार संरक्षक सदस्य लवकुश तिवारी ने वर्तमान के दौर में पत्रकारों के बदलते दशा और दिशा के बारे प्रकाश डालते हुए कहा कि आज पत्रकारिता का दौर बदल गया है, हर व्यक्ति सक्रिय है। लेकिन यह विडंबना है कि जिले व संभाग स्तर के पत्रकार आज भी बड़े समाचार संगठनों में कठपुतली की तरह कार्य करनें पर विवश है, आज पत्रकारों की ऐसी तमाम आवश्यकताएं व उनके अधिकार है जिससे वह वंचित है। यदि हम सभी पत्रकार संगठित हैं तो पत्रकारों



के हितार्थ कार्य करना हमारा लक्ष्य हो, और एकता के साथ उस लक्ष्य की प्राप्ति का उद्देश्य हो। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ पत्रकार शंकर लाल शर्मा नें स्वरचित कविता का पाठ कर पत्रकारों में शक्ति और ऊर्जा का संचार कर दिया। उन्होनें अपने काव्य पाठ से कलम की ताकत और समाज में पत्रकार की भूमिका को बताया।

समाजसेवी प्रवीण पाठक ने कहा कि संयुक्त श्रमजीवी पत्रकार महासंघ की सोच और पत्रकारों के हितार्थ किये जानें वाले कार्यों की तैयार रुपरेखा का वह न सिर्फ स्वागत करते हैं बल्कि संगठन को उनकी जहां भी आवश्यकता होगी वह सहर्ष साथ खड़े नजर आयेंगे। उन्होनें कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण है जो सत्ता व प्रशासन को आईना दिखानें का काम करता है, लेकिन फिर भी पत्रकार कई कठिनाइयों और चुनौतियों से जूझनें पर मजबूर है। संयुक्त श्रमजीवी पत्रकार महासंघ का उद्देश्य स्पष्ट व स्वच्छ है, जो स्वागतयोग्य है।

पत्रकार कैलाश लालवानी ने पत्रकार संगठन को लेकर कहा कि वर्तमान में पत्रकार कई संघर्षों से जूझ रहा है। उसके सामनें हर क्षण चुनौतियां होती है, कई दफा अर्नगल आरोप प्रत्यारोप का भी उसे सामना करना करना पड़ता है। ऐसे में हमारा संगठन एकजुटता के साथ सभी पत्रकार साथियों के साथ खड़ा है। इस मौके पर मंच संचालन कर रहे संयुक्त श्रमजीवी पत्रकार महासंघ के संभागीय अध्यक्ष राहुल तिवारी संभागीय महासचिव प्रदीप पाण्डेय व जिला अध्यक्ष मृगेन्द्र पाठक ने संयुक्त रुप से पत्रकारों के हितार्थ सोसायटी एक्ट के तहत पंजीयन करानें का प्रस्ताव रखा, जिसे पत्रकार संगठन के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों नें सर्वसम्मति से पारित करनें की सहमति जताई।

सोसायटी के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि संयुक्त श्रमजीवी पत्रकार महासंघ के द्वारा स्थानीय स्तर पर एक रजिस्टर्ड सोसायटी बनाई जायेगी, जिसके माध्यम से सरकार से जिला व ब्लाक स्तर पर पत्रकार कालोनी हेतु भू आवंटन की मांग, संगठन के पत्रकार साथियों को अचानक आर्थिक आवश्यकता पड़नें कोष उपलब्ध करानें हेतु राशि की मांग व उसका संधारण, पत्रकार साथियों की अधिमान्यता, वेतन, दुर्घटना बीमा, परिवार स्वास्थ्य बीमा सहित विभिन्न पहलुओं पर कार्य करनें पर गति दी जावेगी। इसके साथ ही शनिवार 23 दिसंबर से नवीन सदस्यता कि शुरुआत व संगठन का विस्तार, सर्वसम्मति से नवीन दायित्वों पर नियुक्ति के साथ ही आगामी 13 जनवरी 2024 को नववर्ष में पत्रकार मिलन समारोह व तय निर्णयों को मूर्तरुप देने कि दिशा में कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

इस मौके पर दिनेश पयासी, शुभम तिवारी (संभागीय उपाध्यक्ष), नीलेश गुप्ता (संभागीय सचिव), नरेश वर्मा (संभागीय सचिव), अनिल तिवारी ( जिला उपाध्यक्ष), अंगद तिवारी ( जिला उपाध्यक्ष), रजनीश शर्मा ( जिला उपाध्यक्ष), सूरज पयासी ( जिला सचिव), ब्रजेश शर्मा (संयुक्त सचिव), दिवाकर पयासी (संयुक्त सचिव), महेश कुशवाहा (संयुक्त सचिव), विनय केवट (संभागीय सचिव), राजा चौधरी (ब्लाक अध्यक्ष, कोयलांचल), पंकज पाण्डेय (ब्लाक अध्यक्ष जयसिंहनगर), संतोष मिश्रा (ब्लाक अध्यक्ष बाणसागर) सहित अमित दुबे, लवकेश सिंह, विश्वभूषण पाण्डेय, अनुपम द्विवेदी, पंकज कुमार पाण्डेय, संतोष मिश्रा, मो. इस्लाम, रामनारायण पाण्डेय, राकेश लखेरा, महेश कुशवाहा, आशीष कचरे, सुधीर यादव, शैलेन्द्र द्विवेदी, जितेन्द्र विश्वकर्मा, सुनील मिश्रा, श्याम बिहारी श्रीवास्तव, आशीष सरकार उपस्थित रहे।

# दोहरी हत्याकाण्ड का इनामी आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे




**उमरिया। नौरोजाबाद थाना क्षेत्र में मृतक शिव प्रसाद बैगा पिता मंगल बैगा उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम लहंगी एवं मृतिका अमरती बाई बैगा पति धरमपाल बैगा उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम लहंगी की मृत्यु 06 दिसम्बर की दरमियानी रात से 13 दिसम्बर के सुबह 7.30 बजे के मध्य अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मृतक शिव प्रसाद बैगा के चेहरे, गर्दन एवं छाती में गंभीर चोटे एवं मृतिका अमरती बाई बैगा के चेहरे में गंभीर चोटें पहुंचाकर हत्या कर कमला गडारी के ग्राम नवसेमर स्थित खेत में लगी अरहर फसल के बीच शवों को फेंककर छिपाने से प्रथम दृष्टया अपराध धारा 302, 201 भादवि का अपराध अज्ञात व्यक्ति के द्वारा घटित करना पाये जाने से धारा 302, 201 भावि, पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।**

पुलिस अधीक्षक उमरिया द्वारा उक्त अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी की सूचना देने व गिरफ्तार करने में सहयोग करने में 10000 रुपये का नगद ईनाम की घोषणा की गई थी। अपराध घटित होने उपरांत से ही अज्ञात आरोपी के गिरफ्तारी हेतु श्रीमती निवेदिता नायडू पुलिस अधीक्षक व प्रतिपाल सिंह महोबिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के कुशल मार्गदर्शन व एसडीओपी पाली एस.सी. बोहित के निर्देशन में व थाना प्रभारी श्रीमती अरूणा द्विवेदी के कुशल नेतृत्व में लगातार नौरोजाबाद पुलिस टीम द्वारा आरोपी की पतासाजी की जा रही थी जो सायबर सेल उमरिया की मदद से व मृतिका अमरती बाई का मोबाईल बरामद होने पर आरोपी अनिल बैगा पिता स्व. प्रेमलाल बैगा उम्र 27 साल निवासी ग्राम घुलघुली थाना नौरोजाबाद के सरलता व सहजता से पूछताछ की गयी जो मृतिका अमरती बाई बैगा के साथ अनैतिक संबंध बनाने व मृतक एवं मृतिका द्वारा मना करने पर आरोपी द्वारा दोनो की निर्मम हत्या करना स्वीकर किया। आरोपी के बताये अनुसार घटनास्थल व अन्य स्थानों से साक्ष्य संकलित किया जाकर आरोपी अनिल बैंगा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के गिरफ्तारी में थाना प्रभारी निरीक्षक अरूणा द्विवेदी, उप निरीक्षक भूपेंद्र पंत, रसिया साकेत, एस.एन. प्रजापति, सहायक उप निरीक्षक दिनेश पाण्डेय, प्रधान आरक्षक संदीप पटेल, आरक्षक देवेंद्र ठाकुर, दामोदर तिवारी व प्रधान आरक्षक चालकअजनी तिवारी, आरक्षक अभिलाष शर्मा, भीमसेन मार्को व सायबर सेल से प्रधान आरक्षक राजेश सोधिया व संदीप सिंह का विशेष योगदान रहा है।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात आरोपी पर 10 हजार का ईनाम

**उमरिया।** पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने थाना नौरोजाबाद में धारा 302,201 भादावि के अज्ञात आरोपी पर 10 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया है। ईनाम वितरण के संबंध में पुलिस अधीक्षक निर्णय अंतिम होगा।

### 25 एवं 26 को आयोजित किए जाएंगे कार्यक्रम



**उमरिया।** सदगुरू कबीर धर्मदास सेवा आश्रम ताला ग्राम स्थित कबीर मंदिर में 25 एवं 26 दिसंबर को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 25 दिसंबर को 3 बजे से भजन, सत्संग एवं प्रवचन का कार्यक्रम तथा 26 दिसंबर को प्रातः 7 बजे से गुरू महिमा पाठ पूनोमहात्तम पाठ तथा प्रातः 7 बजे से दर्शन यात्रा, सायं 6 बजे चौका आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा । कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य की अध्यक्षता में यात्रा के आयोजन संबंधी बैठक संपन्न हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि नेशनल टाईगर पार्क बांधवगढ़ में प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक दर्शनार्थियों को प्रवेश मिल सकेगा। मध्यान्ह 12 बजे के बाद से दर्शनार्थियों को वापस होना होगा। कलेक्टर ने कहा कि यह यात्रा आस्था एवं विश्वास का प्रतीक है। दर्शनार्थी समूह बनाकर जाएं तथा अपनी सुरक्षा की जवाबदारी भी लें। पार्क के भीतर वन पशुओं का भ्रमण होता रहता है, इसलिए वहां ऐसा कोई कार्य नही करें जिससे जन धन की हानि हो। साथ ही स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, उप संचालक बीटीआर विवेक सिंह, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम मानपुर कमलेश पुरी तथा संत कबीर आश्रम के पंडा महंत हरीश दास उपस्थित रहे।

### नगर के पंचायती मंदिर से निकाली गई आमंत्रण अक्षत कलश शोभायात्रा



**कोतमा।** अयोध्या में अगले माह 22 जनवरी को होने वाले श्री राम लाल के स्थापना पूजन के आमंत्रण के अक्षत कलश की शोभायात्रा शनिवार को नगर के पंचायती मंदिर से निकाली गई। यह यात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए ठाकुर बाबा धाम मंदिर पहुंची। यात्रा प्रारंभ होने के पूर्व अक्षत कलश का पूजन कर आरती उतारी गई। यात्रा में कोतमा विधायक दिलीप जायसवाल सहित प्रबुद्ध जनों एवं महिलाओं ने अक्षत कलश को अपने सिर पर रखा और पैदल चलकर यात्रा में अपनी सहभागिता दी। पंचायती मंदिर से कलश यात्रा ठाकुर बाबा धाम मंदिर पहुंची। कलश का जल उतारकर आरती की और विधिवत मंदिर में स्थापित किया। उल्लेखनीय है कि चित्रकूट से आने के बाद अक्षत कलश को प्रतिदिन नगर के प्रमुख मंदिरों का भ्रमण कराया जा रहा है। जहां इसे आम जनों के दर्शनार्थ रखा जा रहा है। कलश स्थापना के बाद बड़ी संख्या में लोगों ने आकर कलश के दर्शन किए।

---

**बैंकर्स की जिला स्तरीय परामर्शदात्री तथा पुनरीक्षण समिति की बैठक आयोजित**

# स्वरोजगार मूलक योजनाओं का लाभ हितग्राहियों

**उमरिया।** कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य ने बैंकर्स की जिला स्तरीय परामर्श दात्री तथा पुनरीक्षण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए बैंकर्स को निर्देश दिए कि स्व रोजगार मूलक योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को समय पर दिलाएं। उन्होंने कहा कि बैकों में बडी संख्याओ में विभागो व्दारा भेजे गये प्रकरण स्वीकृति एवं वितरण हेतु लंबे समय तक लंबित रहते है। बैंकर्स नियमित रूप से इन प्रकरणों की मानीटरिंग कर स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही कराएं। कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान में जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन गांव-गांव में किया जा रहा है। यात्रा के माध्यम से बैंकर्स अपनी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दें तथा उन्हें बैकिंग प्रक्रिया से अवगत भी कराएं। यात्रा के दौरान किसान क्रेडिट कार्ड, बैंकों द्वारा संचालित बीमा योजनाओं की जानकारी देंने के साथ ही पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित भी करें। इसके साथ ही हितग्राहियों के आधार सीडिंग का कार्य भी प्राथमिकता से कराएं।



### शत-प्रतिशत करें लोगों का बीमा

सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी ने कहा कि जिले का मानपुर विकासखण्ड आकांक्षी विकासखण्ड है। यहां रहने वाले लोगों को शत-प्रतिशत बीमा किया जाना है। बैंकर्स इस दिशा में आगें बढ़कर काम करें। उन्होंने कहा कि अभी तक बैंकों की प्रगति अच्छी नहीं रही है। दिसंबर माह के अंतिम पखवाड़े में सभी बैंक प्रबंधक लंबित स्वरोजगार प्रकरणों, स्व सहायता समूहो के सीसीएल, किसान क्रेडिट कार्ड आदि का निराकरण करें जिससे वार्षिक लक्ष्य की प्राप्ति हो सके।

### लोन को दे बढ़ावा

रिजर्व बैंक के जिला नोडल अधिकारी ने कहा कि उमरिया जिले का सीडी रेसियों कम है। इसके लिए बैंकर्स टर्म लोन, क्राप लोन तथा लघु उद्योगों पर आधारित लोन को बढ़ावा दें। उन्होंने विभिन्न बैंकों को आगामी दो माह के लिए लक्ष्य भी निर्धारित किया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी, रिजर्व बैंक के जिला नोडल अधिकारी, अग्रणी बैंक प्रबंधक, नाबार्ड के उप प्रबंधक सहित विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

---

# शासन की विभिन्न योजनाओं का किया गया हितलाभ वितरण





**उमरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले में शिविरों का आयोजन लगातार जारी है। 23 दिसंबर को मानपुर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत पनपथा, चिल्हारी, पाली जनपद पंचायत के ग्राम गौरइया, मलियागुडा शिविरों का आयोजन किया गया तथा शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के हितलाभ वितरित किए गए।

मानपुर के ग्राम पंचायत चिल्हारी मे आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष अन्नू सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवासहीन को आवास मिल रहा है। बीमार व्यक्ति को 5 लाख का निःशुल्क उपचार मिल रहा है। निःशुल्क गैस कनेक्शन, बिजली कनेक्शन सहित किसान सम्मान निधि प्रदाय की जा रही है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत अध्यक्ष ममता सिंह ने कहा कि योजनाओं का लाभ दिलाकर आम जन मानस की दिशा और दशा बंदलने का कार्य किया जा रहा है। प्रदेश सरकार व्दारा हर वर्ग के लिए योजना संचालित की गई है। प्रदेश में बेटियो को लाडली लक्ष्मी योजना का लाभ, महिलाओं को लाडली बहना योजना लाभ, धुएं से मुक्ति दिलाने के लिए उज्जवला योजना, मातृ वंदना योजना का लाभ आदि योजनाएं संचालित की गई है जिसका लाभ आम जन मानस को मिल रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में शिविर में सहकारिता विभाग, ऊर्जा विभाग, पशु विभाग, राजस्व विभाग, पशु विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग आदि विभागों का अधिकारी शिविर में उपस्थित रहे और आवेदकों की समस्या सुनी गई। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत सदस्य मौजीलाल चौधरी, जनपद सीईओ राजेन्द्र त्रिपाठी, यात्रा प्रभारी अनिल तिवारी, जनपद सदस्य विजय द्विवेदी, सरपंच चिल्हारी अरुणा कोल, सरपंच पलझा मुन्नी जायसवाल, सचिव चिल्हारी दयाराम त्रिपाठी, सचिव पलझा सुरेश जायसवाल, दिनेश गुप्ता, रूक्मिणी सोनी, प्रीती श्रीवास्तव, अन्नपूर्णा सोनी, प्रमोद सिंह विकास श्रीवास्तव, राजर्षि मिश्रा, रामाकांत तिवारी सहित स्व सहायता समूह महिलाएं सभी विभागों के अधिकारी जनप्रतिनिधि पंच ग्रामीण क्षेत्रीय जनता मातृशक्ति उपस्थित रहे।

**ग्रामों में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का हुआ समापन**

पाली जनपद पंचायत के ग्राम गौरइया एवं मलियागुडा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, जिला प्रमुख अधिकारी एवं सरपंच सहित बडी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। शिविर में जिला प्रमुख अधिकारियों व्दारा अपने विभागीय योजनाओ के स्टाल लगाए गए थे, जिसका अवलोकन अतिथियों सहित ग्रामीण जनों ने किया एवं शासन व्दारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के व्दारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ आम जनता तथा पात्र हितग्राहियों को मिले, उन्हें लाभ पाने के लिए भटकना नही पड़े, इसी उद्देश्य से हर ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। आप सभी लोग आगें आएं तथा योजनाओं का लाभ उठाएं। ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ पहुँचाना, विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। शिविर के माध्यम से केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं से संबंधित योजनाओं के स्टाल लगाए गए है, उसका सभी जन लाभ उठायें।

इस दौरान अतिथियों व्दारा शासकीय योजनाओं की आम जन को जानकारी देने तथा उन योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करनें की जानकारी दी गई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों व्दारा विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग, जल जीवन मिशन, आयुष विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टाल लगाए गए हैं।

---



## किसानों का सम्मान कर युवाओं ने समझी देशी खेती


**उमरिया।** राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत जिले की सक्रिय युवाओं की युवा टीम के द्वारा ग्राम पंचायत मुदारिया के किसानों से खेतों में मिलकर उनका सम्मान कर खेती किसानी के बारे में में जानकारी प्राप्त किए।कृषक महिला ललिता सिंह ने युवाओं को किसान दिवस का महत्व बताया , आर्गेनिक खेती के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने युवाओं को घर में हम कैसे किचन वेस्ट मटीरियल को इस्तेमाल करके उसकी खाद बना सकते हैं तथा उससे कैसे घर के गार्डन को मेनटेन कर सकते हैं, संबंधी विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

हिमांशू तिवारी ने कहा कि किसानों के अधिकार एवं हितों की रक्षा के लिए एक योद्धा की भांति अविराम लड़ने वाले कर्मयोगी, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.चौधरी चरण सिंह जी को उनकी जयंती श्राष्ट्रीय किसान दिवस् पर कोटिशः नमन करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्र उत्थान एवं किसानों के कल्याण के लिए समर्पित आपका जीवन देशवासियों को अन्नदाता की भलाई और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए सर्वदा प्रेरित करता रहेगा। किसान किस प्रकार मेहनत कर राष्ट्र का भला करता है। मौसम की परवाह किए बिना दिन-रात मेहनत कर हम सबके लिए अन्न पैदा करता है।उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा नई-नई तकनीकों और योजनाओं से किसान के जीवन को सरल बनाने की कोशिशें की जा रही हैं। इस दौरान खुशी सेन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता लक्ष्मी सिंह, नेहा प्रजापति, शिखा बर्मन एवं सभी उपस्थित रहे।

---

## शंकर मंदिर से 12 हजार कीमत के दो घंटे हुए चोरी, पुलिस जुटी जांच में

**भालूमाडा।** फरीयादी लालमणि तिवारी पिता स्व. रामकृपा तिवारी उम्र 54 वर्ष मूल निवासी ग्राम खपटीहा थाना सिमरीहा जिला रीवा हाल राठौर दफाई जमुना कालरी वार्ड नं. 05 थाना भालूमाडा नें थाना में रिपोर्ट कराया की मैं शिव मन्दिर राठौर दफाई का पुजारी हुँ। प्रतिदिन सुबह शाम जाकर मन्दिर में शंकर भगवान की पूजा करता हूँ। 21 दिसम्बर को शाम को 07.00 बजे मन्दिर जाकर शंकर भगवान की संध्या पूजा करने के बाद लगभग 08.00 बजे मन्दिर का दरवाजा बंद कर ताला लगाकर घर आ गया। फिर 22 दिसम्बर को सुबह 06.30 बजे मन्दिर पूजा करने गया था



जाकर देखा तो मन्दिर का ताला टुटा हुआ है अंदर जाकर देखा तो मन्दिर मे लटके हुए 02 नग पीतल के घंटे नही थे 01 घंटे की चैन लटकी हुई है। एक घंटे की चैन भी नही है कोई अज्ञात व्यक्ति 21/22 दिसम्बर के दरमयानी रात मे मन्दिर के गेट का ताला तोडकर चोरी कर ले गया है। 02 नग घंटा कीमती करीबन 12 हजार रुपए का है। रिपोर्ट पर अपराध धारा 457, 380 ता.हि. कायम कर विवेचना मे लिया गया।

---

# प्रधानमंत्री जनमन योजना का सर्वे पूरा कराकर रिपोर्ट भेजें : कमिश्नर

**उमरिया।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 27 दिसम्बर को रीवा दौरा प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री रीवा में आयोजित बैठक में रीवा तथा शहडोल संभाग की कानून और व्यवस्था एवं विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे। रीवा तथा शहडोल संभाग के कमिश्नर अनिल सुचारी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को मुख्यमंत्री के दौरे के संबंध में निर्देश दिए। कमिश्नर ने अधिकारियों को प्रधानमंत्री जनमन योजना, विकसित भारत संकल्प यात्रा तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली से खाद्यान्न वितरण के संबंध में निर्देश दिए। कमिश्नर कार्यालय से आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन तथा अन्य संबंधित अधिकारी बैठक में शामिल हुए। वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव, कलेक्टर शहडोल श्रीमती वंदना वैद्य, कलेक्टर उमरिया बुद्धेश कुमार वैद्य तथा दोनों संभागों के सभी जिलों के जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।





कमिश्नर ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से मुख्यमंत्री के दौरे के संबंध में अधिकारियों को दिए निर्देश


कमिश्नर ने कहा कि सभी कलेक्टर मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे की तैयारी कर लें। प्रमुख 6 विभागों के अधिकारियों से निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं की जानकारी तैयार कराकर 23 दिसम्बर को शाम तक कमिश्नर कार्यालय को उपलब्ध कराएं। इसके साथ-साथ ऊर्जा विभाग की भी जानकारी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। बैठक में राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग, पीएचई, जलजीवन मिशन, आदिमजाति कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग की मुख्य रूप से समीक्षा की जाएगी। इसके साथ-साथ खाद-बीज के वितरण, धान उपार्जन, खनिज पदार्थों के उत्खनन तथा परिवहन एवं समाज कल्याण योजनाओं की भी समीक्षा की जाएगी।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में लगाए जा रहे शिविरों को अधिक प्रभावी बनाएं। शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा किए गए कार्यों को पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज कराएं। केसीसी, आयुष्मान कार्ड बनाने, उज्ज्वला योजना तथा बैंकों द्वारा संचालित बीमा योजनाओं की प्रगति बहुत कम दर्ज की गई है। सभी कलेक्टर इसकी समीक्षा करके निर्धारित प्रपत्र में जानकारियाँ पोर्टल में दर्ज कराएं। दोनों संभागों के रीवा और सिंगरौली को छोड़कर सभी जिलों में प्रधानमंत्री जनमन योजना लागू है। इस योजना के तहत अति पिछड़ी जनजातियों विशेषकर बैगा के विकास की कार्य योजना बनानी है। सभी कलेक्टर योजना के निर्धारित बिंदुओं में सर्वे कराकर तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सिंगरौली में बड़ी संख्या में बैगा परिवार हैं। उसे योजना में अभी शामिल नहीं किया गया है, योजना में निर्धारित बिन्दुओं में कार्यवाही करके बैगा परिवारों को समग्र विकास का अवसर दें। योजना के क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर नोडल अधिकारी तैनात कर दें। साथ ही जिला विकासखण्ड एवं ग्राम स्तर पर समितियाँ गठित कर दें। इस योजना में 9 विभागों की 11 प्रमुख गतिविधियों को शामिल किया गया है। जिसमें पक्का आवास, मोबाइल हेल्थ यूनिट, छात्रावास तथा सामुदायिक भवन निर्माण, मोबाइल टावर एवं समाज कल्याण की योजनाएं शामिल हैं।

---

# थाना प्रभारी सुंद्रेश मरावी के निर्देशन में पुलिस कर्मियों ने किया अच्छा प्रदर्शन

**अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक द्वारा किया गया कोतमा थाने का वार्षिक निरीक्षण**



**कोतमा।** शहडोल जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डीसी सागर के द्वारा शुक्रवार की देर शाम कोतमा थाने का वार्षिक निरीक्षण किया गया। साथ में पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह पवार, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व्हीपी सिंह उपस्थित रहे। कोतमा थाने के आसपास लोगों में उस समय हड़कंप मच गया जब एक शातिर बदमाश को बचाने उनके कुछ साथी थाने पहुंचकर हंगामा करते हुए देखे गए बचाव में पुलिस ने थाने का गेट बंद करते हुए बदमाशों के साथ लाठी भांजनी पड़ी लेकिन उनमें से एक बदमाश दीवाल फोन कर थाने के अंदर घुस गया जिसे वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने घेराबंदी करते हुए पकड़ लिया। थाने के सामने से निकलने वाले लोग इसे असली हमला समझकर सहम गये। लेकिन लोगों को बाद में पता चला कि यह पुलिस का वार्षिक माकडील का रिहर्सल चल रहा था। जहां मौके पर शहडोल जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डीसी सागर मौजूद थे। दरअसल कोतमा थाने में सुरक्षा को परखने और आपात स्थिति से निपटने के लिए माकड्रिल की। इसमें लाइव घटनाक्रम को क्रियान्वित किया गया। साथ ही पुलिस कर्मियों ने एक सुरक्षा घेरा बनाया हुआ था। भारी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी उन्हें सुरक्षा का भी भरोसा दिला रही है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डीसी सागर ने थाने का निरीक्षण किया थाने के लंबित मामले वार्षिक अपराध की गणना सहित थाने के अन्य रिकॉर्ड की जांच की।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डीसी सागर ने मीडिया कर्मियों को जानकारी देते हुए बताया कि कोतमा थाने का आज वार्षिक परीक्षा किया गया जिसमें इस बात का मूल्यांकन किया गया कि व्यावसायिक दृष्टि से थाना कहां पर मौजूद है और कैसे थाने एवं लोगों की सुरक्षा की जा सकती है। इसके तहत थाने में बलवा मार्ग ड्रिल की गई। जिसमें यह देखा गया कि कभी भी आपात स्थिति में यदि कोई अपराधी को छुड़ाने के लिए बदमाशी इकट्ठे होकर थाने पहुंच जाए और थाने का घेराव करते हुए उसे अपराधी को छुड़ाने का प्रयास कर रहे हो जिसमें पुलिस की दो पार्टियां बनाई गई थी जिसमें एक पार्टी बलबाई बनी थी और दूसरी सुरक्षा कर्मी थे। मांक ड्रिल के दौरान थाना प्रभारी सुंद्रेश मरावी के निर्देशन में थाने के पुलिस कर्मियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने सुरक्षा के पूरे उपकरण पहने हुए थे। इससे यह पता चलता है कि पुलिस जवान थाने एवं आम जनता की कैसे सुरक्षा कर सकते हैं।

---



## निजी वाहनों की नियमित पार्किंग का अड्डा बना वार्ड क्रमांक 6 कोतमा

कोतमा। वार्ड क्रमांक 6 बस्ती जहां गाड़ियों की नियमित पार्किंग का अड्डा बन गया है, गाड़ी मालिकों द्वारा गाड़ियां तो खरीदी जा रही है पर इन्हें रखने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है नगर की सकरी गलियों में इन्हें नियमित रूप से पार्किंग किया जा रहा है। किसी भी बड़ी घटना पर किसी भी समय इन सकरी गलियों में ना तो एंबुलेंस और ना ही अग्निशामक वाहन इन गलियों में प्रवेश कर सकता है। जिसके कारण कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। गाड़ियों के नियमित पार्किंग के कारण आए दिन इस वार्ड में विवादित माहौल बना रहता है।

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल मंगुभाई पटेल का हुआ हार्दिक स्वागत



**रीवा** । राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल अपने दो दिवसीय प्रवास पर रीवा पहुंचे। सैनिक स्कूल हेलीपैड में राज्यपाल का आत्मीय स्वागत किया गया। राज्यपाल के साथ प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल भी भोपाल से हेलीकाप्टर द्वारा रीवा पहुंचे। राज्यपाल का रीवा पहुंचने पर सांसद श्री जनार्दन मिश्र, विधायक त्योंथर श्री सिद्धार्थ तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ अजय सिंह, कमिश्नर रीवा संभाग अनिल सुचारी, डीआईजी मिथिलेश शुक्ल, प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवणे, आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन सहित जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने हार्दिक स्वागत किया।

### मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ का प्रांतीय अधिवेशन सीहोर में



**रीवा**। मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ संभाग रीवा के संभागीय/जिला अध्यक्ष के.सी.त्रिपाठी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि कर्मचारी संघ का 47 वा प्रांतीय अधिवेशन जिला मुख्यालय सीहोर में 7 जनवरी 2024 दिन रविवार को आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रांतीय निकाय का निर्वाचन संपन्न किया जावेगा। अधिवेशन मे प्रांताध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियो के निर्वाचन के लिए श्री एम.पी.द्विवेदी प्रांताध्यक्ष लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ भोपाल को निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। निर्वाचन अधिकारी श्री द्विवेदी द्वारा लिखित अधिसूचना जारी करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ किया जा चुका है। अधिवेशन में कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर शासन को मांग पत्र सौंपने पर भी विचार किया जाना है। संभागीय अध्यक्ष श्री त्रिपाठी ने प्रदेश के सभी पदाधिकारियों/कर्मचारियों से उक्त अधिवेशन में शामिल होने की अपील की है। साथ ही रीवा जिला कार्यकारिणी की अहम बैठक आज दिनांक 24 दिसंबर रविवार को दोपहर 2 बजे संघ कार्यालय साई मंदिर के बगल मे होने जा रही है जिसमे सभी को शामिल होने की अपील की गई है।

### उप मुख्यमंत्री दीक्षांत समारोह में होंगे शामिल

**रीवा** । उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल 24 दिसम्बर को प्रातः 10.30 बजे निज निवास से प्रस्थान कर प्रातः 10.50 बजे अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय पहुंचेंगे। पंडित शंभूनाथ शुक्ल सभागार अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा में राज्यपाल श्री पटेल के मुख्य आतिथ्य में 11वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री समारोह के बाद 12.30 बजे अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय से प्रस्थान कर दोपहर 12.40 बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगे।

### उपभोक्ता दिवस पर कार्यशाला का आयोजन आज

**रीवा** । प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 24 दिसंबर को उपभोक्ताओं के जन जागरूकता हेतु राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन शाम 4 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में किया गया है। अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने जिले के समस्त उपभोक्ता हितो हेतु सक्रिय स्वैच्छिक संगठनों, उपभोक्ताओं, लोकहित से संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं उपभोक्ता कार्य से जुड़े अधिवक्तागणों से कार्यशाला में उपस्थिति की अपेक्षा की है।

### जिले में अब तक 110079 टन धान की खरीद

**रीवा** । किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए जिले भर में गोदाम स्तर पर बनाए गए निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक दिसम्बर से धान का उपार्जन किया जा रहा है। धान का उपार्जन सहकारी समितियों द्वारा किया जा रहा है। जिले में अब तक 18248 किसानों से 110079.93 टन धान का उपार्जन किया गया है।

## शहडोल जनपद पंचायत ब्योहारी के ग्राम बिजहा में

# ट्रेक्टर पलटने से दो लोगों की मौत, एक घायल

**जनपद पंचायत के ग्राम बिजहा में टेक्टर पलटने से दो लोगों कि घटनास्थल पर निधन हो गई एक गम्भीर रूप से घायल जिसकों ब्योहारी सिविल अस्पताल मे भर्ती कराया गया जहाँ डाक्टर के प्राथमिक उपचार के बाद शहडोल मेडिकल कालेज रेफर किया गया**







ब्योहारी

गाँव के द्वारा बताया जाता हैं कि टेक्टर मलिक किसी कृषक के यहाँ खेत जोताई के लिए जा रहा था अचनक सड़क पर अनबैंलेस होने कारण टेक्टर पल्टा और सड़क किनारे बने तालाब में समा गया जिसके कारण टेक्टर में सबार चार लोग में एक कूदकर बचने सफल रहा तीन लोग टेक्टर के चपेट में आ जाने से *दो लोगों की घटनास्थल कि निधन हो गया एक गांव के माध्यम से ब्योहारी लवकेश सिंह सिविल अस्पताल मे भर्ती कराया गया *मृतक का नाम 1- प्रमोद पटेल पिता सुखलाल पटेल 40 बर्ष 2 - रामकेश पटेल पिता दरवारी पटेल 46 बर्ष* घायल यशवन्त पटेल पिता रामजस पटेल 25 बर्ष *सभी लोग ग्राम पंचायत बरहाटोला के ग्राम बिजहा के निवासी हैं




## शिविर में 20 यूनिट रक्तदान महादान, स्वयं करें और जरूरतमंदों का जीवन बचाएं

बिरसिंहपुर पाली

आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वधान में राष्ट्रीय सेवा योजना शा. महाविद्यालय नौरोजाबाद व युवा टीम उमरिया के द्वारा उमरिया चिकित्सालय ब्लड बैंक प्रभारी व स्टाफ की उपस्थिति में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर के दौरान विद्यार्थियों के द्वारा 20 यूनिट रक्तदान कर महादान का दिया संदेश। नौरोजाबाद थाना टीआई अरुणा द्विवेदी व वैष्णवी स्कूल प्राचार्य राजमणि सिंह ने कहा कि विश्व में सबसे बड़ा पुनीत कार्य यदि कोई है तो वह कार्य रक्तदान है। हम सभी को आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत अपने अमर शहीदों को याद करते हुए जैसे उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना रक्त बहाया था वैसे ही हमें रक्तदान कर स्वस्थ समाज का निर्माण करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए।इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राजकुमार सिंह ने भी सभी रक्तदाताओं व आयोजक मंडल हिमांशु तिवारी को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।रक्तदान शिविर में डॉ. अंजली कनोजिया, सह प्रभारी रमाकांत चौधरी, ब्लड बैंक प्रभारी वीरेंद्र शर्मा, अनुज रजक,विनीत साहू, युवा हिमांशू तिवारी,खुशी सेन,शिखा बर्मन,मानवी मिश्रा,योगेंद्र सिंह,शिवेंद्र सिंह,हजराना बानो, मनीषा साहू,सनी यादव,लक्ष्मी यादव,सुषमा बर्मन, राहुल ,अखिलेश्वर,सुप्रिया गुप्ता,प्रियम सोनी,गोविंद सिंह,ओमप्रकाश यादव,सुमित यादव,सहित लगभग 20 लोगों ने रक्तदान किया।सभी रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

## बहनों के साथ मेरा आत्मा व विश्वास का रिश्ता, उसे में टूटने नहीं दूंगा: शिवराज

**नगर एवं सरावगी निवास में पूर्व मुख्यमंत्री श्री चौहान का ऐतिहासिक स्वागत**

बुढ़ार।

शनिवार को प्रदेश के पुर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पावन नगरी मां नर्मदा माई के दर्शन कर अमरकंटक से वापस होते हुए बुढ़ार नगर में पहुंचे जहां उनका एतिहासिक स्वागत किया गया।

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैं प्रदेश की खुशहाली और विकास के लिए मां नर्मदा से प्रार्थना कर पुजा, अर्चना की शहडोल की जनता ने जिस विश्वास के साथ भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाई है और यहां के विधायक जय सिंह मरावी को चुना है उनका धन्यवाद ज्ञापित करता हूं और एह वचन देता हूं की भाई एवं बहनों के साथ मेरा आत्मा और विश्वास का रिश्ता है जिसे में कभी टूटने नहीं दूंगा, और यहां के गरीब जनता के



साथ अन्याय नहीं होने दुंगा क्योंकि आज भी जनता मेरी भगवान है और में उनका पुजारी।

विधानसभा सभा जैतपुर के प्रभारी दौलत मनवानी के द्वारा अटल द्वार के पास प्रदेश के पुर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आतिशवाजी ढोल नगाड़े के साथ भाजपाई के द्वारा स्वागत किया गया।

पुर्व विधायक छोटेलाल सरावगी के निवास पहुंचे सपत्नीक शिवराज सिंह चौहान जहां पार्टी के कार्यकताओं के द्वारा तिलक वंदन कर श्रीफल साल से आत्मीय स्वागत किया। दीनदयाल चौक पर स्थापित दीनदयाल उपाध्याय स्मारक पर पुर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने माल्यार्पण किया। इस दौरान ब्यौहारी विधायक शरद जूगलाल कोल, जैतपुर विधायक जय सिंह मरावी, जिलाध्यक्ष कमल प्रताप सिंह, श्रीमती शालिनी सरावगी, पुष्पेन्द्र ताम्रकार, हीरालाल रजक, दौलत मनवानी, प्रवीण जैन,नमन ताम्रकार, अभिषेक नामदेव,दीपक शर्मा, विजय ताम्रकार, प्रकाश कूष्णानी, श्रीमती आनमिका सिंह, सविता सिंह, सुमित्रा नामदेव, काजल सरावगी, सविता सिंह, अजीत जैन, संजय नैनानी, सच्चा नंद दानवानी, सहित भारी संख्या में महिलाएं एवं पुलिस बल मौजूद रहीं हैं।

## सामुदायिक प्लांटेशन से लोगों को मिल रहा स्वरोजगार

**मनरेगा के तहत मिल रहे रोजगार से गांव का पलायन रुका, जिले में उल्लेखनीय काम कर रही ग्राम पंचायत रसपुर।**

ब्यौहारी ।

जनपद पंचायत से 10 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत रसपुर जो कि सामुदायिक प्लांटेशन के लिए शहडोल जिले के साथ-साथ मध्य प्रदेश में भी ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव एवं जनपद पंचायत के सहयोग से उत्कृष्ट कार्य कर रही है ग्राम पंचायत रसपुर में तीन गांव आते हैं जिसमें ग्राम पंचायत ग्राम रसपुर एवं ग्राम झरौसी है तीनों जगह ग्राम रोजगार सहायक रामानंद पटेल की दृढ़ इच्छा शक्ति से सामुदायिक प्लांटेशन का कार्य किया गया है जिसके तहत रेलवे की खाली पड़ी बंजर जमीन को उपयोगी बना दिया रेलवे से अनुमति लेकर लगभग 35 एकड़ जमीन में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत हलदर वृक्ष लगाए गए है जो कि फल भी दे रहे हैं ग्राम झरौंसी में रेलवे की खाली पड़ी 50 एकड़ बंजर जमीन को हरियाली से भर दिया है जिसमें कल 25 000 पेड़ लगाए गए हैं जिसमें 17000 अमरूद 5000 अमला, इमली, सिरक एवं अन्य पौधे लगाए गए ग्राम झरौंसी में कुल तीन जगह प्लांटेशन किया गया है जिसमें रेलवे की 50 एकड़ जमीन में दो जगह 25000 से अधिक पेड़ लगाए गए हैं जिसमें 17000 से अधिक पेड़ तैयार हो चुके हैं और फल दे रहे हैं इसके अलावा ग्राम झरौंसी के नरवा टोला में अमृत सरोवर बांध के पास 300 पेड़ लगाए गए हैं जिसमें अमला एवं औषधि पौधे हैंग्राम उकसा में प्लांटेशन- ग्राम पंचायत रसपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम उकसा के झिरिया टोला में 400 पेड़ आम ,अमला एवं जामुन के पेड़ लगाए गए हैंग्राम पंचायत में रुका पलायन -ग्राम पंचायत में इतने बड़े स्तर पर प्लांटेशन कराए जाने से रसपुर ग्राम पंचायत से पलायन रुक गया है और अभी तक गांव के हजारों लोगों को रोजगार गारंटी के तहत रोजगार दिया गया है ग्राम पंचायत के चौकीदार एवं रोजगार सहायक रामानंद पटेल स्वयं अब इन पौधों की देखभाल कर रहे हैं उनका कहना यह है कि जब सभी पेड़ फैलने लगेंगे तो ठेकेदार को लीज पर दे दिया जाएगा और उसे ग्राम पंचायत को आय भी होने लगेगी पौध रक्षकों का कार्यकाल समाप्त होने से बढी परेशानी- ग्राम के रोजगार सहायक ने बताया कि सामुदायिक प्लांटेशन का कार्य 5 सालों का था 5 साल पूरा होने के बाद अब इतने बड़े स्तर पर पौधों की रक्षा करने की जिम्मेदारी बढ़ गई है क्योंकि पंचायत द्वारा जो पौध रक्षक नियुक्त किए गए थे उनका कार्यकाल समाप्त हो चुका है और उनको नौकरी से बाहर कर दिया गया है इसलिए पूरे ग्राम पंचायत के 25000 पेड़ों की देखभाल करने में अब दिक्कत जा रही यदि सरकार द्वारा पौधराक्षकों को पन : से बहाल किया जाए तो देखरेख करने में आसानी होगी।मजदूरी दर कम होने से नहीं मिलते मजदूर- भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना में मध्य प्रदेश की प्रति दिवस मजदूरी 250 रुपए है और उसमें भी प्रावधान है कि 7 दिवस के अंदर मजदूरी का भुगतान होना चाहिए लेकिन तीन-तीन माह तक मजदूरों का भुगतान नहीं होता इसलिए पंचायत में काम करने के लिए पहले जैसे मजदूर भी नहीं मिलते हैं क्योंकि बाजार की मजदूरी दर 300 है और मजदूरों को प्रतिदिन पैसा चाहिए इसलिए ग्राम पंचायत में मजदूर मजदूरी करने से कतराते इसके अलावा सरकार द्वारा फ्री राशन भी दिया जाता है जिससे लोग काम करना नहीं चाहते यदि फ्री राशन को रोजगार गारंटी से जोड़ दिया जाए तो आसानी से लोग कार्य भी करेंगे उन्हें पैसा भी मिलेगा और पंचायतों में कार्य करने के लिए मजदूर भी उपलब्ध हो जाएंगे।इनका कहना है।हम लोग यह चाहते हैं कि गांव के लोग पलायन न करें गांव में ही रोजगार विकसित किया जाए प्लांटेशन के माध्यम से अब तक हजारों लोगों को रोजगार मिल चुका है गांव मैं रोजगार के साधन विकसित हूं लोग यहां से होने वाले फल उत्पादन को बेचकर अपनी आय का जरिया भी बना सकते हैं इससे ग्राम पंचायत की आय बढ़ेगी साथ-साथ लोगों का रोजगार भी मिल रहा हैरामानंद पटेल ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत रसपुरहम लोग इसकी लगातार रखवाली कर रहे हैं 50 एकड़ के रकबे में रखवाली करना आसान काम नहीं है इसलिए खेत में ही हम लोग मचान बनाकर सभी पौधों को समय-समय पर पानी देते खरपतवारों को भी नष्ट करते हैं पौधों की देखभाल करना हमें अच्छा लगता है गांव का वातावरण भी अच्छा रहता है ।रामकरण कोल। चौकीदार सामुदायिक प्लांटेशन।आवारा पशुओं के कारण पौधों की देखभाल और भी सजकता से करना पड़ता है हम लोग दिन रात पौधों की रखवाली करते हैं जिससे हमारे पौधे सुरक्षित हैं और हमें ग्राम पंचायत से रोजगार भी मिल रहा है जिससे हमें बाहर जाने की जरूरत नहीं है ।



## राष्ट्रीय राजमार्ग रीवा रोड चुगींनाका स्थित सड़क किनारे बड़े नाला खुले

**कभी भी गम्भीर घटना घटित हो सकती हैं**

**जबकि पिछले सप्ताह वहीं पे सड़क पर दुर्घटना घटित हुई**

ब्योहारी।

में राष्ट्रीय राजमार्ग रीवा रोड चुगींनाका स्थित पपौंध तिराहा पर सड़क के अगल बगल बहुत बड़े नाला खुलें हैं जिसके कारण कभी भी गम्भीर घटना घटित हो सकती हैं* इस तरह से कई नगरपालिका के (नगरपरिषद) क्षेत्र में में कई जगह नाला खुलें देखेंगें जा सकते हैं कभी भी इस तरह के नाला गम्भीर घटना घटित हो सकती हैं कहें कि जहाँ ये छाया चित्र हैं वहाँ पर ब्योहारी नगरपरिषद क्षेत्र सब से भीड़ भाड का स्थान हैं *जैसा कि पपौंध तिराहा के पास बरौधा क्षेत्र से आने जाने सभी वाहन का वहीं निकलना होता है जब कि उस जगह यानी रास्ता अस्पताल के लिए जाता साथ ही और जनपंद पंचायत क्षेत्र का में दर्जनो ग्राम पंचायत के लगभग और (सौ) से गाँव के पाँच हजार नागरिकयों के लोगों का आना जाना उसी रास्ते से रहता है साथ बाईक सावर लोग आते कभी क्रासिंग के चक्कर में सड़क किनारे बने नाला गिर सकते या फिर बड़े वाहन से वाईक सावर टक्कर खा कर के खुलें नाला समा सकतें तो निश्चित गम्भीर घटना घटित हो सकती हैं नालें अगल बगल बडे. बाहन खडे. करके अतिक्रमण कर सड़क पर जाम ही लगा देते हैं फिर उस के कारण घटना घट सकती हैं अगर देंखा जाए पिछले सप्ताह दुपहिया वाहन चालक की हाईवा के नीचे आ जाने के कारण मौत हो गई थी फिर भी अधिकारी व प्रशासन के नींद नहीं खुली* ये नाला को देख लगता हैं कि कि अप्रिय घटना घटनें का इन्तजार कर रहे शासन प्रशासन ।जब कि ऐसी कोई घटना घटित हो उसके पहलें नगरपालिका अधिकारी को सज्ञान लेना चाहिए जिसके का कोई अप्रिय घटना न घटे।

## फ्लैमेक्स प्राइवेट लिमिटेड के संचालक को ब्लैकमेल करने वाले तथाकथित पत्रकार के विरूद्ध पुलिस में की शिकायत

रीवा !

इन दिनों गिद्ध की भांति पत्रकार गांव से लेकर शहर तक दिखाई दे रहे है, जिनका काम केवल ब्लैकमेलिंग और अवैध तरीके से वसूली करना है। जिस तरह से एक लाश को नोचने सारे गिद्ध एकत्रित हो जाते हैं वैसे ही तथाकथित पत्रकार एक झुंड बना कर सुबह होते ही शिकार की तलास में अपने-अपने मांदो से निकल पड़ते हैं। मजे की बात तो यह है ऐसे तथाकथित पत्रकारों को पत्रकारिता की चाहे एबीसीडी का ज्ञान न हो लेकिन वाटसअप ग्रुप बना कर अधिकारियों को जोड़ उन व्यक्तियों को जरुर जोड़ते है जिनको ब्लैकमेल करना होता है। आश्चर्य की बात तो यह है कि अधिकारी भी वाटसअप ग्रुपों में आई खबरों को अपने संज्ञान में ले लेते है, यह बात की जांच करना उचित नहीं समझते कि वाटसअप गुरपों में चली खबर कहीं दो-चार सौ रूपये में तो नहीं चलाई गई, कहीं ऐसा तो नहीं कि तथाकथित पत्रकार अवैध वसूली किये जाने के लिए दबाव तो नहीं बना रहा? इन सब बातों से इतर अधिकारी भी संबंधित व्यक्ति पर राशन पानी लेकर चढ़ बैठते है, तब ऐसा लगता है कि अधिकारी पहले से ही इस बात का इंतजार करते रहे हों कि उनके अधीनस्थ के विरुद्ध खबर चले और वे भी बहती गंगा में डुबकी मार ले। ऐसा ही एक मामला निकल कर सामने आया है जिसमें वसूलीबाज तथाकथित पत्रकार के विरुद्ध सतना जिले के कोलगवां थाना में शिकायत दर्ज करवाई गई है। मजे की बात तो यह है कि जैसे ही इस बात की भनक तथाकथित पत्रकार प्रशांत मिश्रा को लगी तो वह अपना मोबाइल नंबर बंद कर भूमिगत हो गया। सूत्रों से अनुसार संदीपन खैरा पिता भरत खैरा निवासी भरहुत नगर जिला सतना फ्लैमेक्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से पीडब्लूडी सहित अन्य शासकीय विभागो में लैब एंव कन्सलटेन्सी का काम करते हैं। उनके द्वारा कोलगवां थाना सतना में लिखित शिकायत पत्र दिया गया जिसमें आरोप लगाया गया है कि प्रशांत मिश्रा नामक कोई व्यक्ति अपने को पत्रकार बताते हुए पैसे की मांग कर रहा है। साथ ही धमकी दे रहा कि यदि पैसा नहीं दिये तो न्यूज 24*7 भोपाल नामक वाटसअप ग्रुप में खबरें चला कर बदनाम कर दिया जायेगा। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी धमकी को मेरे द्वारा नजर अंदाज कर दिया गया जिससे उसकी मंशा पूरी न हो सकी। अब उसके द्वारा उक्त वाटसअप ग्रुप में शासकीय विभाग के अधिकारियों को जोड़ कर बदनाम करने की नियत से तथ्यहीन अर्नगल खबरें चलाई जा रही है। शिकायतकर्ता ने थाना प्रभारी से मांग की है कि ऐसे तथाकथित पत्रकारों के विरूद्ध सख्त कार्रवाही की जाये । जो देश के चौथे स्तंभ कहलाने वाले पत्रकारों की छवि धूमिल कर रहे है। और साथ ही बदनाम करने की नियत से तथ्यहीन खबरें चलाकर मुझे मानसिक प्रताडऩा पहुंचा रहे।

## खबर संक्षेप

### वंचित हितग्राहियों को लाभान्वित करने हो रही कार्यवाही



**अनूपपुर।** प्रत्येक पात्र व्यक्ति को केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए उसे लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की गई है। यह यात्रा 22 दिसंबर को जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम पंचायत देवरी तथा अमलई, जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत बरबसपुर तथा केल्हौरी, जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत रेउसा तथा गोड़ारू, जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत सरई तथा तरंग पहुंची जहां पर स्थानीय लोगों द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर शासन के विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों द्वारा विभिन्न योजनाओं से उनके जीवन में आए बदलाव से संबंधित अनुभव साझा किए गए। इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों द्वारा केन्द्र सरकार की हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका लाभ उठाने की अपील पात्र हितग्राहियों से की गई। साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को हितलाभों का वितरण किया गया। शासन की विविध योजनाओं के तहत वंचित हितग्राहियों का चिन्हांकन कर उन्हें लाभ दिलाने की कार्यवाही की गई। कार्यक्रम में उपस्थित जनों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणजनों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल में लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयों का वितरण किया गया।

### जपं अनूपपुर के प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा संपन्न



**अनूपपुर।** जिले के जनपद पंचायत अनूपपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में रिक्त पंच पदों के दाखिल नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा निर्धारित 23 दिसंबर की सुबह 11 बजे से की गई। अनूपपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत चुकान वार्ड नंबर 4, सेमरा के वार्ड नंबर 4, छिल्पा के वार्ड नंबर 14, पयारी नं 1 के वार्ड नंबर 9, पोड़ी के वार्ड नंबर 5 के दाखिल नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा अभ्यर्थियों की उपस्थिति में की गई। रिटर्निंग आफिसर एवं नायब तहसीलदार मंगलदास चक्रवर्ती और सहायक रिटर्निंग आफिसर और पंचायत इंस्पेक्टर की उपस्थिति में ग्राम पंचायतों में रिक्त पंच पद के उपचुनाव में प्राप्त नामांकन पत्रों की संवीक्षा अनूपपुर जनपद पंचायत कार्यालय बदरा में की गई।

### मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ का प्रांतीय अधिवेशन सीहोर में

**रीवा।** मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ संभाग रीवा के संभागीय/जिला अध्यक्ष के.सी.त्रिपाठी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि कर्मचारी संघ का 47 वा प्रांतीय अधिवेशन जिला मुख्यालय सीहोर में 7 जनवरी 2024 दिन रविवार को आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रांतीय निकाय का निर्वाचन संपन्न किया जावेगा। अधिवेशन मे प्रांताध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियो के निर्वाचन के लिए श्री एम.पी.द्विवेदी प्रांताध्यक्ष लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ भोपाल को निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। निर्वाचन अधिकारी श्री द्विवेदी द्वारा लिखित अधिसूचना जारी करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ किया जा चुका है। अधिवेशन में कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर शासन को मांग पत्र सौंपने पर भी विचार किया जाना है। संभागीय अध्यक्ष श्री त्रिपाठी ने प्रदेश के सभी पदाधिकारियों/कर्मचारियों से उक्त अधिवेशन में शामिल होने की अपील की है।

# पूर्व मुख्यमंत्री का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

## स्वागत के पश्चात शिवराज सिंह पहुंचे विश्वनाथ सिंह के निज निवास







### शिवराज ने जिला अध्यक्ष को अपने हाथ से पहनाए जूते, पैर छुए तो लगाया गले

मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने दो दिवसीय अमरकंटक प्रवास के दौरान मां नर्मदा की सपत्नीक पूजा अर्चना की एवं भाजपा कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात किया दो दिवसीय प्रवास के दौरान शिवराज सिंह चौहान अमरकंटक में शंभू धारा के निकट एकांतवास में भी रहे।

**अनूपपुर।**

मां नर्मदा का सपत्नीक आशीर्वाद प्राप्त करने के पश्चात वापस लौटते समय ग्राम सकरा में अनूपपुर जिला भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया स्वागत में रामदास पुरी जिला अध्यक्ष भाजपा, विश्वनाथ सिंह पूर्व सदस्य जिला पंचायत अनूपपुर, आधाराम बैस पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, अनूपपुर ज्ञानेंद्र सिंह परिहार, सिद्धार्थ शिव सिंह, सत्यनारायण सोनी ग्रामीण मंडल अध्यक्ष, शिवरतन वर्मा नगर मंडल अध्यक्ष, शैलेंद्र सिंह, पिंटू तिवारी, अखिलेश सिंह एडवोकेट, वीरेंद्र सिंह आदि सैकड़ो कार्यकतार्ओं ने एवं सैकड़ो महिलाओं ने स्वागत किया। स्वागत के पश्चात शिवराज सिंह चौहान विश्वनाथ सिंह के निज निवास पहुंचे जहां पर लाडली बहनों से मुलाकात कर उन्हें आश्वासन दिया विश्वनाथ सिंह के निज निवास में भी भारी संख्या में महिलाएं एवं ग्रामीण जन ने शिवराज सिंह का स्वागत किया।

### पूर्व मुख्यमंत्री का हुआ जगह जगह स्वागत

पुष्पराजगढ़ अमरकंटक से पूर्व मुख्यमंत्री का काफिला रवाना होते ही ग्राम पोड़ी, पोड़की, भेजरी, धरहर, बसनिहा सहित तहसील मुख्यालय राजेन्द्रग्राम एवं शिवरिचंदास में भाजपा के कार्यकतार्ओं ग्रामवासियों एवं लाडली बहनों एवं अभिभाषक संघ के द्वारा मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आत्मीय स्वागत किया गया पुष्प वर्षा कर जिंदाबाद के नारे लगाते हुये लाडली बहनों ने अपने लाडले भइया को मिठाई खिलाकर उनके दीघार्यु की कामना की गई। उक्त स्वागत वंदन कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री के द्वारा कहा गया की प्रदेश के पुनः भाजपा की सरकार बनी है मैं भले ही मुख्यमंत्री नही हूं परन्तु आप लोगो को मिलने वाली कोई भी योजना बन्द नही होने दूँगा सदैव लाडली बहनों एवं किसानों के हित मे काम करता रहूंगा। और मुझे आप लोगो लखपति बहना बनाना है किसी भी सूरत पर तभी चैन की सांस लूंगा।

### थाई पट्टा की मांग को लेकर सौंपा सामूहिक ज्ञापन

राजेन्द्रग्राम वासियो ने सरपंच अर्जुन सिंह के नेतृत्व में उपसरपंच एवं पंचों के द्वारा सामूहिक रूप पूर्व मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौप कर मांग की गई की राजेन्द्रग्राम किरगी ग्राम पंचायत तहसील मुख्यालय होने के कारण नजूल घोषित है इसी के चलते आजादी 73 वर्ष बाद भी यहाँ के वाशिन्दों भूमिहीनों को पट्टा नहीं मिल पा रहा है जिससे आये दिन प्रशासन का डंडा चलते रहता है जिससे पूरा ग्राम पंचायत की बसाहट अस्त ब्यस्त नजर आती दिखाई दे रही है उन्होंने आश्वासन दिलाया कि कोई कही नही जाएगा जो जहां बसा है उन्हें उसी जगह का पट्टा दिलवाऊंगा मैं तत्काल इस संबंध में प्रशासन से बात करता हूं।

### शिवराज ने जिलाध्यक्ष को अपने हाथ से पहनाए जूते, पैर छुए तो लगाया गले

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अमरकंटक दौरे के दूसरे दिन शनिवार को अनूपपुर भाजपा जिलाध्यक्ष को खुद अपने हाथ से जूते पहनाकर उनका संकल्प पूरा कराया। भाजपा जिलाध्यक्ष रामदास पुरी ने संकल्प लिया था कि जब तक प्रदेश में भाजपा सरकार नहीं आ जाती, वह जूते नहीं पहनेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री के जूते पहनाने पर वह भावुक हो गए और पैर छूने के लिए झुके तो शिवराज ने उन्हें गले से लगा लिया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा रामदास पुरी जैसे कार्यकर्ता पार्टी की ताकत और पूंजी हैं। ऐसे ही निष्ठावान और लगनशील कार्यकर्ताओं के कारण भारतीय जनता पार्टी देश की सबसे राजनीतिक पार्टी बन गई है। रामदास पुरी 6 साल से बिना जूते-चप्पल रह रहे थे। पार्टी की सेवा में लगे थे। रामदास पुरी ने 2017-18 में संकल्प लिया था कि भाजपा की सरकार जब तक नहीं बनेगी, तब तक जूते-चप्पल नहीं पहनेंगे। 2023 में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड बहुत से सरकार बनी तो पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज ने अपने हाथों से रामदास पुरी को जूते पहना करके उनका संकल्प पूरा कराया है।

### यह रहे उपस्थित

जिला महामंत्री हीरा सिंह श्याम, पूर्व विधायक सुदामा सिंह, जनपद अध्यक्ष मिथलेश सिंह, इंद्राणी सिंह, प्रमोद सिंह, नरेश मिश्रा, राजेन्द्र चतुर्वेदी, अजय अग्रवाल, विनोद सिंह, प्यारेलाल कुशवाहा, जनपद सदस्य संगीता महोबिया, विशाल ताम्रकार, सरपंच अर्जुन सिंह, राजीवलोचन सिंह, नर्बद हलवाई सहित पंचगण उपस्थित रहे।

# अनुकंपा नियुक्ति के लिए 8 साल से भटक रहा पीड़ित परिवार

## कालरी अधिकारी कर रहे पैसों की मांग

### रोजगार न मिलने से भुखमरी के कगार पर पहुंचा पीड़ित परिवार

**बदरा/जमुना।**

कोल इंडिया की सहायक कंपनी एसईसीएल जिसे कि मिनी रत्न और महारत्न कंपनी का दर्जा प्राप्त है और वह कोयले के उत्पादन में अग्रणी भूमिका निभाने का दावा करती है उसके साथ में एसईसीएल सामुदायिक विकास के हर क्षेत्र में काम करके ढिंढोरा पीटने में पीछे नहीं रहती लेकिन इसकी हकीकत में जब जाएंगे तो हकीकत कुछ और ही है। ऐसा ही एक मामला एसईसीएल के अंतर्गत संचालित जमुना कोतमा क्षेत्र का है जहां 8 वर्षों से कालरी कर्मचारी का परिवार उसकी मृत्यु के उपरांत अनुकंपा नियुक्ति पाने के लिए दर-दर की ठोकरे खा रहा है जिसे देखने और सुनने वाला कोई नहीं है। उस पीड़ति परिवार से कालरी के अधिकारी अनुकंपा नियुक्ति देने के एवज में मोटी रकम की मांग कर रहे हैं जिसे वह गरीब परिवार पूरा करने में असहाय है जिसके कारण उसे अनुकंपा नियुक्ति नहीं दी गई है। ज्ञात हो कि स्वर्गीय राम प्रताप साहू उम्र 50 वर्ष निवासी श्रमिक नगर जिला अनूपपुर जोकी एसईसीएल गोविंदा क्षेत्र में कर्मचारी थे जिनकी मृत्यु 24 जुलाई 2015 को हो गई थी तब से लेकर आज तक मृतक राम प्रताप साहू का पुत्र विनोद कुमार साहू अनुकंपा नियुक्ति के लिए दर-दर की ठोकरे खा रहा है जबकि सारे दस्तावेज व घर परिवार का अनापत्ति प्रमाण पत्र भी जमा कर दिया गया है लेकिन आज तक उसे अनुकंपा नियुक्ति नहीं दी गई है। उसका परिवार दर-दर की ठोकरे खाने को विवश व दाने-दाने को मोहताज है






### पर्सनल ऑफिसर ने रोजगार के बदले मांगे 2लाख

पीड़ति विनोद कुमार साहू ने बताया कि पहले तो मुझे दस्तावेज मांगे गए और जब मैं दस्तावेज जमा कर दिया तब वहां पर पदस्थ पर्सनल मैनेजर ने मुझसे 2लाख की मांग की और कहा कि जब तक 2लाख नहीं दोगे तब तक तुम्हारी नौकरी नहीं लगेगी चाहे तुम कहीं भी चले जाओ। उस दौरान मेरी मां और बहन वहां पर मौजूद थी मैं मजदूरी करके अपने वह अपने परिवार का भरण पोषण करता हूं मेरी पत्नी की भी मृत्यु हो चुकी है मैं पिछले 8 वर्षों से जीएम ऑफिस के चक्कर काट कर परेशान हूं। पीड़ति विनोद कुमार साहू ने क्षेत्र के महाप्रबंधक, एसईसीएल के सीएमडी डायरेक्ट पर्सनल विजिलेंस विभाग कोल इंडिया के सचिव व कोल इंडिया के मंत्री से मांग किया है कि मुझ गरीब को अनुकंपा नियुक्ति दिलाया जाने की कृपा किया जाए साथ ही जो अधिकारी पैसों की मांग कर रहे हैं उनके खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही किया जाए ताकि मेरा परिवार जीवन भरण पोषण कर सके। जमुना कोतमा क्षेत्र के एपीएम अजीत तोमर ने कहा कि विनोद कुमार साहू को कार्यालय भेजिए मैं दिखवा लेता हूं लेकिन जब विनोद कुमार साहू कार्यालय पहुंचा तो साहब ने फोन ही नहीं उठाया।

### इनका कहना है

मैं अभी फील्ड में हूं और एक-एक व्यक्ति का मुझे याद नहीं रहता है। विनोद कुमार साहू को आप बोल दीजिए कि पर्सनल विभाग से संपर्क कर ले और मुझे जाकर स्वयं मिले इसकी क्या समस्या है उसे तत्काल दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

**हरजीत सिंह मदान, महाप्रबंधक**
**जमुना कोतमा क्षेत्र**

# आज होगी ब्राह्मण समाज सेवा समिति अनूपपुर की सामाजिक बैठक

### यज्ञोपवीत संस्कार, वर वधू सम्मेलन की रुपरेखा पर होगी चर्चा

**अनूपपुर।** ब्राह्मण समाज सेवा समिति जिला अनूपपुर के अन्तर्गत आज दोपहर 1 बजे से पी.आर.टी.कालेज अनूपपुर (शासकीय तुलसी कालेज के बगल से) एक बैठक का आयोजन किया गया है जिसमे चारो तहसील राजेन्द्रग्राम, जैतहरी, कोतमा, अनूपपुर एवं जिले के समस्त पदाधिकारियों को सूचित किया गया है कि तहसील ईकाई के समस्त सदस्य/ विप्र बंधुओ, माताएं बहनो का आवश्यक बैठक जिला मुख्यालय अनूपपुर में किया जाना सुनिश्चित हुआ है जिसमें सभी विप्र बंधुओ की उपस्थिति हेतु निवेदन किया गया है। सभी विप्र अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम में अपना मार्गदर्शन दे एवं कार्यक्रम की बैठक के बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा कर आगामी रुप रेखा का निर्धारण कर समिति की योजना को सफल बनाने मे योगदान का निवेदन किया गया है। बैठक के मुख्य बिंदु मे जिले के अन्तर्गत सदस्यता अभियान के क्रियान्वयन में गति लाना। ब्राह्मण समाज सेवा समिति के बने साप्टवेयर से कार्यक्रम का संचालन करना। ब्राह्मण समाज सेवा समिति द्वारा आयोजित किए जाने वाले यज्ञोपवीत संस्कार, वर वधू सम्मेलन की रुपरेखा पर चर्चा। जिले/ तहसील ईकाईयो की मासिक बैठक तथा अन्य समाजिक कार्यों पर चर्चा होगी।






# बंदियों के मनोजरंजन व समाचार के लिए लिए जेल में लगाया गया टेलीविजन

**अनूपपुर।**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर के द्वारा जेल निरीक्षण के दौरान बंदियों ने जेल में मनोरंजन के लिये टीव्ही उपलब्ध कराये जाने का निवेदन किया था। बंदियों ने बताया था कि टी.व्ही. नहीं होने से उन्हें देश-दुनिया को कोई खबर प्राप्त नहीं होती। जिस पर अध्यक्ष/प्रधान जिला न्यायाधीश एसएस परमार के द्वारा जेल अधीक्षक को टीव्ही प्रदाय कर बंदियों की समस्या का समाधान किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर द्वारा सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा अनूपपुर के सौजन्य से जिला जेल हेतु टी.व्ही. उपलब्ध करायी है। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विवेक शुक्ला, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महेन्द्र कुमार उइके, न्यायिक मजिस्ट्रेट रामअवतार पटेल, अधिवक्ता केए प्रसाद, जेल अधीक्षक इंद्रदेव तिवारी उपस्थित थे।


### अनियंत्रित होकर पलटा कोयले से भरा ट्रक, जनहानि नही

**अनूपपुर।**

जिले के अनूपपुर चचाई मार्ग मे 21 दिसंबर को कोयले से लोड ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रक पलटने से कोयला रोड में बिखर गया। फिलहाल कोयले को मुख्य मार्ग से हटवाया गया है। जानकारी के अनुसार चचाई अनूपपुर मुख्य मार्ग में स्थित कोयले से लोड ट्रैक पलट गई। ट्रक क्रमांक सीजी 10 बीपी 5179 शहडोल जिले के खैरहा खदान से कोयला लोड कर उड़ीसा जा रहा था। तभी अंडर ब्रिज के पास स्थित मोड में अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे ट्रक में लोड कोयला मुख्य मार्ग पर बिखर गया। कोयले को जेसीबी की मदद से हटवाया गया। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है।

# हाथी ने ग्रामीणों का किया जीना दूभर

## खेतों, खलिहानों में रखे अनाज को बनाया निशाना



**अनूपपुर।**

जिले के अनूपपुर एवं जैतहरी वन परिक्षेत्र के दुधमनिया,औढेरा एवं गोबरी बीट अंतर्गत ग्राम ठेगरहा,गोबरी,बांका एवं केकरपानी गांव में विगत दो दिनों से निरंतर विचरण कर रहे दो दांत वाले एक नर हाथी द्वारा दिन में जंगलों के अंदर लेट के,बैठ कर कर दिन व्यतीत करने बाद देर साथ शाम एवं रात को आहार की तलाश में जंगल से निकल कर जंगल के किनारे बसे टोला, मोहल्ला में पहुंचकर ग्रामीणों के घर, खेत, बाडी एवं खलिहानों में लगे,रखे अनाजों को अपना आहार बना रहा है। गुरुवार एवं शुक्रवार की मध्य रात्रि ठेगरहा के जंगल से निकलकर गोबरी गांव में सुरेंद्र राठौर के बाडी में लगे गन्ना को खाने बाद पूरी बांका गांव के शंभू सिंह के आंगन में खलिहान मे रखें धान को प्रत्येक एक घंटे में खाने बाद जंगल में जाकर ठहरने बाद फिर से शम्भू के आंगन रखे धान को खाकर पूरी रात बिताया तथा शुक्रवार के दिन बांका के जंगल में पूरा दिन व्यतीत करने बाद देर शाम एवं रात को वांका के जंगल से लगे केकरपानी गांव के बरटोला, ऊपर टोला, चौकीटोला मे शिवनाथ पिता सुंदर सिंह गोड के बांडी में लगे गन्ना एवं सब्जी को, पड़ोस के धन सिंह पिता लालमान सिंह के खेत में रखें धान की करही को, छोटेलाल पिता विशम्भर सिंह गोंड एवं स्व-बाबूलाल कोल के खेत में लगे धान की फसल को अपना आहार बनाते हुए शनिवार की सुबह औढेरा बीट के कक्ष क्रमांक पीएफ 359 के जंगल में जाकर विश्राम कर रहा है। हाथी का यह उत्पात देखकर ग्रामवासी रात भर हाथी को अपने मोहल्ला-पड़ोस में प्रवेश को रोकने का प्रयास पूरी रात करते रहे हैं।